तापमान


| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.5° | 23.8° |
| इंदौर | 32.0° | 24.2° |
| जबलपुर | 33.4° | 25.8° |
| ग्वालियर | 33.7° | 28.0° |


दैनिक **नईदुनिया**

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 228,पृष्ठ 12)
मंगलवार 16 जुलाई 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


**राजधानी...** पटवारी समेत कई घायल, कुछ अस्तपताल में भर्ती...


**खेल...** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टोनी हेमिंग को दो साल के लिए...


**व्यापार...** मंहगाई ने तोड़ा 16 महीने का रिकार्ड, सब्जियों की...


**देश-विदेश...** नौसिखिया है चीनी नौसेना, एयरक्राफ्ट कैरियर...

www.naiduniaonline.com

## खास-खबरें

### दोबारा सीएम बनने के बाद मोदी से मिले हेमंत सोरेन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दोबारा सीएम बनने के बाद पीएम मोदी से मिले हेमंत सोरेन, लगभग 3 साल बाद हुई दोनों की मुलाकात हुई है. जेल से बाहर आने के बाद भी यह उनकी मोदी से पहली मुलाकात हुई है. हेमंत सोरेन और नरेंद्र मोदी के बीच हुई इस मुलाकात की तस्वीरों को पीएमओ के एक्स हैंडल पर शेयर किया है. यह शिष्टाचार भेंट थी लेकिन इसके अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं. सबसे पहली बात यह है कि 3 साल बाद पीएम मोदी, हेमंत सोरेन से मुलाकात के लिए तैयार हुए हैं।

### मोदी ने ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खड्ग प्रसाद शर्मा ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सोमवार को बधाई संदेश में कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर केपी शर्मा ओली को बधाई। श्री मोदी ने बधाई संदेश में कहा कि हम दोनों देशों के बीच मित्रता के गहरे संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

सुको ने नीट पर हाई कोर्ट में...

# लंबित याचिकाएं अपने पास स्थानांतरित की, 18 को सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मेडिकल और कुछ अन्य विषयों में स्नातक स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18 जुलाई को सुनवाई करेगा।**



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका (उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में) को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि हम गुरुवार को इस पर विचार करेंगे। एनटीए के अधिवक्ता ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को स्थानांतरण याचिका में नोटिस जारी करना चाहिए, क्योंकि राजस्थान उच्च न्यायालय इस मामले में आगे की सुनवाई करने जा रहा है। इस पर पीठ ने विभिन्न संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया और इसे अपने समक्ष लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ दिया। शीर्ष (शेष पेज 2 पर)

### हिंडनबर्ग मामले पर पुर्नविचार याचिका खारिज

अडानी हिंडनबर्ग मामले में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सोमवार (15 जुलाई) को अपने 3 जनवरी को दिए गए फैसले के खिलाफ पुर्नविचार याचिका को खारिज कर दिया है. जिसमें उसने अडानी समूह द्वारा स्टॉक की कीमतों में हेरफेर के आरोपों की जांच को एसआईटी या सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट में इस केस की सुनवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने 3 जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिकाकर्ताओं में से एक अनामिका जायसवाल द्वारा दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया. सुप्रीम कोर्ट की 3 सदस्यीसय बेंच ने अपने आदेश में कहा कि रिव्यूव पीटिशन पर गौर करने के बाद हमने पाया कि रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से कोई गलती नहीं है। सुप्रीम कोर्ट नियम 2013 के आदेश एक्सएल-7 नियम 1 के तहत समीक्षा के लिए कोई मामला नहीं बनता है. इसलिए, समीक्षा याचिका खारिज कर दी जाती है. इस रिव्यूर पीटिशन पर तीनों जस्टिस ने चैंबर में विचार किया था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 3 जनवरी को सीबीआई या एसआईटी जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया था. इस फैसले को अडानी ग्रुप की बड़ी जीत बताया (शेष पेज 2 पर)

# विभिन्न अंचलों में होंगी इंडस्ट्री कॉन्कलेव, निवेश बढ़ाने प्रदेश के बाहर रोड शो भी : डॉ. यादव

**भोपाल (नप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में निवेश आकर्षित करने विभिन्न अंचलों में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होंगी और साथ ही प्रदेश के बाहर रोड शो भी समानांतर चलाए जाएंगे।**


हाल ही में मुंबई में औद्योगिक समूहों के साथ निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर लौटे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने 2025 को निवेश वर्ष के तौर पर प्लान किया हुआ है। इस दौरान रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव और प्रदेश के बाहर के रोड शो समानांतर चलेंगे। अब ये कॉन्क्लेव अन्य अंचलों में भी की जाएगी। सरकार ने कुछ समय पहले ऐसी एक कॉन्क्लेव उज्जैन में की थी। अब आगामी 20 जुलाई को जबलपुर में होने वाली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उनकी मुंबई यात्रा के दौरान उनका औद्योगिक हस्तियों से मिलना हुआ। आगामी समय में ग्वालियर, सागर, रीवा और जबलपुर में जो कॉन्क्लेव होने वाली हैं, उनके लिए भी निवेशकों की ओर से प्रस्ताव आने लगे हैं। प्रख्यात उद्योगपति अनिल अंबानी ने भी राज्य में निवेश की बात कही है। मुंबई में हुई चर्चा के दौरान पर्यटन के क्षेत्र में भी कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस आयोजन में लगभग 450 निवेशकों द्वारा भागीदारी की गई। डॉ. यादव ने कहा कि लगभग 35 से ज्यादा निवेशकों के साथ उनकी व्यक्तिगत और कॉमन चर्चा हुई है। इस प्रकार सीधे संवाद करने से आत्मविश्वास आ रहा है। सभी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों से बातचीत के दौरान सरकार की ओर से उनसे कहा जा रहा है कि राज्य से केवल कच्चा माल ना ले जाएं, उत्पाद भी यहीं बनाएं। ज्यादातर लोग इससे सहमत भी हो रहे हैं। सरकार स्टार्टअप में अच्छे काम की कोशिश करा रही है। कई संस्थाओं से बात की है। जबलपुर में होने वाली कॉन्क्लेव में जबलपुर संभाग से लेकर पूरा आसपास के क्षेत्र को भी कवर किया जाएगा। इसके लिए जरूरी होमवर्क कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में 1500 निवेशकों की भागीदारी प्रस्तावित कर रहे हैं, उसमें से लगभग एक हजार के आने की संभावना है।



विदेशी निवेशकों को यहां लाने की दिशा में काम करते हुए ताइवान और मलेशिया के प्रतिनिधिमंडलों के साथ भी बैठक की है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में इंडस्ट्रियल बेल्ट में बुनियादी सुविधाओं पर भी काम हो रहा है। भविष्य में कोयेम्बेटूर, बेंगलुरू, दिल्ली, अहमदाबाद में भी सरकार रोड शो करने जा रही है, जिससे वहां के निवेशकों को आमंत्रित किया जा सके। राज्य में बिजली, पानी, कानून व्यवस्था सब व्यवस्थित हुए हैं, इसलिए सरकार चाहती है कि राज्य में निवेश की संभावनाओं को आमंत्रित किया जाए। वर्तमान में प्रचलित उद्योगों की परियोजनाओं का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क की लगभग पूरी जमीन भर चुकी है, इसलिए इसके दूसरे भाग पर भी काम किया जा रहा है। पीएम मित्रा पार्क, धार के माध्यम से जनजातीय इलाकों में रोजगार के लिए काम शुरु हो चुका है। मुरैना में मेगा लेदर, फुटवियर एंड एक्सेसरीज़ क्लस्टर और डवलपमेंट पार्क के माध्यम से लेदर और फुटवियर का काम हो रहा है। कई राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ कर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का काम प्रस्तावित है।

# प्राकृतिक आपदाओं और स्वास्थ्य सेवा जैसी चुनौतियों से मिलकर निपटना होगाः जयशंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने जलवायु परिवर्तन को एक बड़ी चुनौती माना है। इसके साथ ही इससे मिलकर लड़ने की अपील दुनिया से की है।**



उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा बड़ी चुनौतियां हैं, जिनका हमें मिलकर समाधान करना होगा। उन्होंने मार्शल द्वीप समूह के साथ हुए समझौते पर एक बयान जारी किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। मार्शल द्वीप समूह गणराज्य के साथ चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए वार्षिक अनुदान सहायता संबंधित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर यह संदेश देना मेरे लिए खुशी की बात है। भारत के लोगों की ओर से मैं पिछले महीने मार्शल द्वीप में संपन्न हुए 10वें माइक्रोनेशन गेम्स के सफल आयोजन के लिए बधाई देना चाहता हूं। जयशंकर ने कहा कि पिछले महीने जून में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मैं माजुरो में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करने के लिए मार्शल द्वीप की राष्ट्रपति डॉ. हिल्डा हैन को धन्यवाद देता हूं। भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जो पिछले कुछ वर्षों में भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच के सहयोग से और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं याद दिलाना चाहूंगा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे एफआईपीईसी शिखर सम्मेलन में क्या कहा था। प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप छोटे द्वीप नहीं हैं, बल्कि ये बड़े महासागरीय देश हैं। हम सतत विकास की खोज में प्रशांत महासागर के द्वीपों का समर्थन करने को अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा बड़ी चुनौतियां हैं, जिनका हमें मिलकर समाधान करना होगा।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रशांत द्वीप समूह के लिए अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की। उन्हें हासिल करने में हुई प्रगति को देखकर मुझे खुशी हो रही है। हम (शेष पेज 2 पर)

## ओली ने नेपाल के प्रधानमंत्री पद की ली शपथ

**काठमांडू (एजेंसी)।** सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने सोमवार को काठमांडू के शीतल निवास में राष्ट्रपति के आवास पर एक विशेष समारोह में नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। देश के मुख्य कार्यकारी के रूप में यह श्री ओली का चौथा कार्यकाल है। समारोह के दौरान राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने श्री ओली को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि रविवार को राष्ट्रपति पौडेल ने श्री ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार राष्ट्रपति पौडेल ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया। नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन करने और माओवादी सेंटर के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद श्री ओली नए प्रधान मंत्री बन गए हैं। गत 12 जुलाई को माओवादी सेंटर के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल, प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीतने में विफल रहे और उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना (शेष पेज 2 पर)









